(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

व्यापार व वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए वार्ता

1246. **प्रो॰ राम बख्श सिंह वर्मा:**
श्रीमती मालती शर्मा:

क्या **वाणिज्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापार एवं वाणिज्यिक सहयोग बढ़ाने के संबंध में सचिव स्तर पर वार्ता हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस वार्ता के दौरान दोनों देशों के बीच जिन क्षेत्रों के संबंध में समझौते हुए हैं उनका ब्यौरा क्या है?

वाणिज्य मंत्री (श्री रामकृष्ण हेगड़े): (क) से (ग) जी, हां, 23 जून, 1997 की समस्त कार्यसूची के आधार पर भारत और पाकिस्तान के बीच संयुक्त और समेकित वार्ता प्रक्रिया के एक भाग के रूप में दिनांक 10 नवम्बर, 1998 को दिल्ली में आर्थिक एवं वाणिज्यिक सहयोग पर विचार-विमर्श आयोजित किए गए थे। उक्त विचार-विमर्श वाणिज्य सचिव के स्तर पर आयोजित किए गए थे।

दोनों शिष्टमंडलों ने वाणिज्यिक एवं आर्थिक सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों पक्षों ने अंतराष्ट्रीय मचों पर सामाजिक खण्डों, पर्यावरणिक मुद्दों इत्यादि जैसे क्षेत्रों में समन्वित दृष्टिकोण तैयार करने के लिए विचार-विमर्श का सिलसिला आगे और बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की। दोनों पक्षों ने बकाया राशियों के समाधान के लिए उपयुक्त क्रियाविधि का पता लगाने के लिए सहमति व्यक्त की। इस बात पर भी सहमति हुयी थी कि रेल मंत्रालय और विद्युत मंत्रालय के तकनीकी दल इन क्षेत्रों में वाणिज्यिक सहयोग के बारे में विचार-विमर्श करने के लिए दौरा करेंगे। यह निर्णय लिया गया था कि भविष्य में आगे और वार्ताएं आयोजित की जानी चाहिए। तथापि, इन वार्ताओं के दौरान किसी भी करार पर हस्ताक्षर नहीं किए गए थे।

सोने का आयात

1247. **श्री कपिल सिब्बल:**
श्री राज मोहिन्दर सिंह:

क्या **वाणिज्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि चालू वित्तीय वर्ष के दौरान निर्यात के मुकाबले आयात अधिक होने का अनुमान है;

(ख) यदि हां, तो आयात निर्यात मूल्यों के संबंध में क्या अनुमान है;

(ग) क्या यह भी सच है कि आयात में यह वृद्धि सोने के आयात के कारण हुई है; और

(घ) यदि हां, तो आयातित सोने का मूल्य कितना है और स्वर्णाभूषणों-जेवरातों आदि के निर्यात से कितनी धनराशि प्राप्त हुई है?

वाणिज्यिक मंत्री (श्री रामकृष्ण हेगड़े): (क) जी, हां।

(ख) वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय के अनन्तिम आंकड़ों के अनुसार अप्रैल-जनवरी, 98-99 के दौरान भारत का आयात और निर्यात क्रमशः 34952 मिलियन डालर और 27158 मिलियन अमरीकी डालर रहा है।

(ग) और (घ) वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार अप्रैल-नवम्बर, 98 के दौरान सोने का आयात 2983 मिलियन अमरीकी डालर का हुआ है। इसी अवधि के दौरान रत्न तथा आभूषण का निर्यात 3723 मिलियन अमरीकी डालर होने का अनुमान है।

प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध

1248. **श्री राज मोहिन्दर सिंह:**
श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया:

क्या **वाणिज्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में प्याज की कीमतों को गिरने से रोकने के लिए किए गए अनुरोध पर सरकार ने प्याज के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटा लिया है;

(ख) यदि हां, तो प्याज के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटाए जाने के समय देश में प्याज का औसत थोक मूल्य कितना था; और